रवि-तेज

2023-2025

स्वाध्यायात् मा प्रमदः

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल

Editorial Board

STAFF EDITORS:
Sitting (L to R)

Dr. Pradeep Kumar (Job Oriented), Dr. Sunil Dutt (Hindi), Dr. Rakha Rani (Punjabi), Dr. Navpreet Kaur (Science), Dr. Nitika Arora (General), Sarita Arya (Chief Editor), Dr. Rekha Tyagi (Principal), Dr. Sunita Chopra (Commerce), Dr. Nutan Garg and Mrs. Mona Batra (English), Sh. Sanjiv Kumar (Sanskrit)

STUDENT EDITORS:
Sitting (L to R)

Aarti (Job Oriented), Hari Om (Hindi), Saurabh (Punjabi), Nancy Sharma (Science), Keshav Kaushik (General), Abhishek (Commerce), Lovesh Madaan (Sanskrit)

प्राचार्या की कलम से

प्रिय विद्यार्थियों, विद्वान शिक्षकों एवं आदरणीय पाठकों

सप्रेम नमस्कार।

यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि हमारे महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **"रवि – तेज"** का यह नवीनतम अंक प्रकाशित हो रहा है। यह पत्रिका केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की सृजनशीलता, अंतर्दृष्टि और शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों का जीवंत प्रतिबिंब है।

वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप केवल पुस्तकों और विज्ञान की सूचनाओं तक सीमित नहीं है। यह व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति की दिशा में हमें उन्मुख करती है। यह पत्रिका हमारे विद्यार्थियों के भीतर छिपे उस रचनात्मक स्रोत की पहचान है, जो केवल कक्षा और परीक्षा तक सीमित न होकर, समाज निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा सकता है।

"कलम की नोक से जब विचार बहते हैं,

तो मौन पन्नों पर भी स्वर गूंजते हैं।"

इस अंक की हर रचना – चाहे वह कविता हो, लघु कथा, लेख या चित्रांकन – विद्यार्थियों की अंतर्दृष्टि, संवेदनशीलता और विचारों की उड़ान की परिचायक है। इन्हीं प्रयासों से यह सिद्ध होता है कि हमारी युवा पीढ़ी में कल्पना और विवेक दोनों का अद्‌भुत संतुलन है।

"रवि – तेज" हमारे विद्यार्थियों को वह मंच प्रदान करती है जहाँ वे न केवल अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं, बल्कि समाज को नई दिशा देने में भी समर्थ बनते हैं।

"ज्ञान वह दीप है जो स्वयं जलकर,

दूसरों के अंधकार को आलोकित करता है।"

यह पत्रिका उसी ज्ञानदीप की एक लौ है, जो हमारे विद्यार्थियों के भीतर छिपे प्रकाश को बाहर लाने का माध्यम बनती है।

मैं इस अवसर पर उन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देती हूँ जिन्होंने अपने साहित्यिक, कलात्मक एवं वैचारिक योगदान से इस अंक को गरिमा प्रदान की। साथ ही, संपादकीय टीम एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को भी हृदय से धन्यवाद करती हूँ, जिनके परिश्रम एवं समर्पण से इस पत्रिका का प्रकाशन सम्भव हो सका।

मेरी शुभकामनाएँ हैं कि आप सभी विद्यार्थी ज्ञान, संस्कार और सृजन के पथ पर निरन्तर अग्रसर रहें।

"जहाँ सोच ऊँची हो और संकल्प अडिग –

वहीं से भविष्य के निर्माता जन्म लेते हैं।"

सदैव उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित,

डॉ. रेखा त्यागी

प्राचार्या

मुख्य संपादिका की कलम से

"वही ज्ञान, जो समाज के अंधकार को आलोकित करे,
कल्पना, जो यथार्थ को छू सके।"

सम्माननीय पाठकगण, विद्वान शिक्षकगण, सहयोगी कर्मचारीगण एवं प्रिय छात्र – छात्राओं – सादर वंदन।

महाविद्यालय जीवन केवल पाठ्यक्रम, परीक्षाओं और डिग्री की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं होता। यह वह कालखंड होता है जहाँ एक छात्र अपने व्यक्तित्व की नींव रखता है – सोचने, समझने, और स्वयं को अभिव्यक्त करने का साहस अर्जित करता है। यह काल केवल अकादमिक उन्नति का नहीं, बल्कि बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक जागरूकता के निर्माण का होता है।

आज शिक्षा का स्वरूप केवल पाठ्यपुस्तकों और अंकों तक सीमित नहीं रह गया है। अब वह एक व्यापक मंच बन चुका है जहाँ विद्यार्थी विचारशीलता, संवेदनशीलता और सृजनात्मकता के माध्यम से समाज को दिशा देने की सामर्थ्य प्राप्त करते हैं। **"रवि तेज"** जैसी साहित्यिक पत्रिकाएँ छात्रों की मौन रचनात्मकता को स्वर देते हुए एक ऐसा मंच प्रदान करती है जो परीक्षा कक्षों से बाहर भी सोचने, लिखने और बदलने की शक्ति प्रदान करता है।

जब कोई छात्र अपने अनुभवों को शब्दों में ढालता है तो वह केवल अभिव्यक्ति नहीं करता, बल्कि एक विचार यात्रा पर निकलता है। वह अपनी दृष्टि को समाज के समक्ष रखता है, संवाद करता है, और अपने भीतर की जागरूकता को साझा करता है। यही रचनात्मक प्रयास विद्यार्थियों को सशक्त सजग और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

ऐसे में **"रवि तेज"** महज एक पत्रिका नहीं, बल्कि एक जीवंत मंच है – जहाँ विचारों को दिशा मिलती है, कल्पनाओं को पंख, और शब्दों को समाज से संवाद करने की शक्ति। इसमें प्रकाशित रचनाएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का परिचायक होती हैं, और यह उनके लिए एक सृजनात्मक गौरव की अनुभूति का अवसर भी है। यह न केवल उनकी प्रतिभा की मान्यता है, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करने वाला आत्मसम्मान भी है।

महाविद्यालय की पत्रिका में प्रकाशित होना प्रत्येक छात्र के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है, जो न केवल उन्हें सृजनशीलता के प्रति प्रेरित करती है, बल्कि उनके अंदर सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव भी उत्पन्न करती है।

आज के तेज़ रफ्तार समय में, जहाँ संवेदना और विचार की जगह कम होती जा रही है, ऐसे रचनात्मक मंच युवाओं को ठहरकर सोचने, गहराई से समझने और सार्थक लेखन के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। जब छात्र – छात्राएँ महाविद्यालय पत्रिका में प्रकाशित होते हैं, तो वे स्वयं को उस परंपरा का हिस्सा पाते हैं जो विचारशीलता, संवाद और समाज निर्माण के मूल्यों को आगे बढ़ाती है। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में और अधिक विद्यार्थी इस रचनात्मक प्रयास से जुड़ेंगे और इस गौरवशाली परंपरा को समृद्ध करेंगे।

इस अवसर पर हम उन सभी प्रतिभाशाली छात्र – छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हैं, जिन्होंने इस पत्रिका के निर्माण में अपनी रचनाओं से योगदान दिया। साथ ही, संपादक मंडल की समर्पित टीम का विशेष आभार, जिनकी सूक्ष्म दृष्टि और सतत परिश्रम से यह अंक साकार हो सका। हम प्राचार्या महोदया के प्रति भी कृतज्ञ हैं, जिनके प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और विश्वास ने इस रचनात्मक पहल को सच्चे अर्थों में स्वरूप प्रदान किया।

आइए, इस यात्रा को आगे बढ़ाएँ – जहाँ शब्द, विचार और संवेदना के साथ हम समाज को नई दिशा दे सकें।

सरिता आर्य

मुख्य संपादिका

हिन्दी अनुभाग



प्राध्यापक – संपादक
डॉ. सुनील दत्त

छात्र – संपादक
हरिओम (स्नातक – तृतीय वर्ष)

अनुक्रमणिका

क्रम सं.	रचना	रचयिता	पृष्ठ संख्या
1.	सम्पादकीय	डॉ. सुनील दत्त	3
2.	छात्र-संपादक	हरिओम (स्नातक-तृतीय वर्ष)	3
3.	माँ	साहिल (बी.ए.)	4
4.	माँ-बाप ही भगवान हैं	साहिल (बी.ए.)	4
5.	ये दुनिया कहीं नहीं	साहिल (बी.ए.)	4
6.	ए उम्र तू बतलादे अब है मुझे जाना कहाँ	खुशबु (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	4
7.	बेटी	कामना (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	4
8.	कलम	शीतल गड़तान (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	5
9.	क्या यही वो हिंदुस्तान है	अंकित कुमार (बी.ए-चतुर्थ सेमेस्टर)	5
10.	सपने	नीरू (बी.ए.-तृतीय वर्ष)	5
11.	संकल्प	लीना कांसल (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	5
12.	वृक्ष की दास्ताँ	अंकित कुमार (बी.ए-चतुर्थ सेमेस्टर)	6
13.	वृक्ष और मैं	नीरू (बी.ए.-तृतीय वर्ष)	6
14.	पर क्यों	नीरू (बी.ए.-तृतीय वर्ष)	6
15.	ईमानदारी अभी जिंदा है	अंकित कुमार (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	7
16.	सफल लोगों की चार बातें	ईशिका गड़तान (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	7
17.	जीवन का आदर्श	चिराग मेहरा (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)	8

सम्पादकीय

प्रिय मित्रों, छोटे भाइयों बहनों एवं साथियों,

आखिरकार, लंबे इंतज़ार और बहुत से उतार-चढ़ावों के बाद हम आपके सामने **"रवि-तेज"** पत्रिका का यह दो वर्षों का संयुक्त विशेषांक लेकर आ ही गए। यह केवल पन्नों का संग्रह नहीं, बल्कि आपके अपने कॉलेज के जीवन, अनुभवों, जिज्ञासाओं और उन भावनाओं का दस्तावेज़ है जो हमने साथ जिए हैं। इसे बनाना आसान नहीं था, लेकिन हर बार जब लगा कि अब नहीं हो पाएगा, तो आपकी कल्पनाओं और कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों की लेखनी ने इसे आगे बढ़ाया। यह अंक उसी रचनात्मक आत्मा को समर्पित है, जो हम सबके भीतर कहीं न कहीं मौजूद है, बस उसे जगाने की ज़रूरत है।

मेरे प्रिय विद्यार्थियों,

जब मैं स्वयं महाविद्यालय का छात्र था, तब यह कल्पना करना ही सुखद होता था कि महाविद्यालय की पत्रिका प्रकाशित हो रही है और उसमें मेरी कोई रचना प्रकाशित हो जाए, चाहे जैसे-तैसे ही सही। उस समय यह एक सपना सा लगता था, पर आज वह सपना आप सबके लिए साकार करने का अवसर है।

पिछले कुछ वर्षों से मैं लगातार कक्षाओं में आपसे यह आग्रह करता आ रहा हूँ कि हमारी **"रवि-तेज"** पत्रिका के लिए अपनी रचनाएं भेजें। मैं यह भी बताता हूँ कि किस प्रकार की रचनाएँ दी जा सकती हैं, किस भाषा-शैली में लिखी जा सकती है। परंतु दुःख इस बात का है कि अपेक्षित सहभागिता नहीं मिलती। यह मेरा व्यक्तिगत नहीं, एक शिक्षक का शैक्षणिक व भावनात्मक दुःख है, जो अपने विद्यार्थियों में संभावनाएं तो देखता है, परंतु उनकी निष्क्रियता से खिन्न होता है।

लेखन केवल शब्दों की सजावट नहीं, आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह वह माध्यम है जिसके द्वारा आप अपने अनुभवों, विचारों और भावनाओं को कालजयी बना सकते हैं। एक अच्छी रचना न केवल पाठक को प्रभावित करती है, बल्कि लेखक को भी आत्मचिंतन का अवसर देती है। जब आप लिखते हैं, तो आप समाज से संवाद करते हैं, और जब आप प्रकाशित होते हैं, तो आपके शब्दों को एक पहचान मिलती है। इसलिए मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इस मंच को हल्के में न लें। यह पत्रिका केवल परीक्षा अंक नहीं, बल्कि आपके भीतर की उस रचनात्मक चेतना का उत्सव है जिसे जगाने की आवश्यकता है।

अब जब यह विशेषांक आपके हाथों में है, तो मेरी आशा है कि आने वाले समय में आप सब अपनी रचनात्मकता का परिचय अवश्य देंगे। मेरी आपसे अपेक्षा है कि आप वर्ष भर में कोई न कोई रचना तैयार करें, चाहे वह कविता हो, लेख हो, अनुभव हो या कोई विचार। मैं उसे पढ़ूंगा, आवश्यक सुझाव दूंगा और मार्गदर्शन करता रहूंगा।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ, आपको **"रवि-तेज"** का यह अंक समर्पित।

डॉ. सुनील दत्त
प्राध्यापक-संपादक (हिन्दी विभाग)

छात्र संपादक

प्रिय सहपाठियों, शिक्षकों और सम्माननीय पाठकों,

सादर नमस्कार।

महाविद्यालय पत्रिका "रवि-तेज" का यह विशेष अंक आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गर्व और प्रसन्नता हो रही है। एक विद्यार्थी के रूप में सम्पादकीय जिम्मेदारी निभाना मेरे लिए न केवल एक अवसर रहा बल्कि यह एक सीखने और अनुभवों से समृद्ध होने की यात्रा भी रही।

इस अंक को तैयार करने में हमने महाविद्यालय के विद्यार्थियों की विविध प्रतिभाओं, विचारों और भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया है। लेख, कविताएँ, लेखनी से सजी यह पत्रिका हमारे अंदर छिपे कलाकार, विचारक और समाजबोध रखने वाले युवा की पहचान है।

हमारा उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रोत्साहन और प्रेरणा देना भी है-कि हर छात्र अपनी अभिव्यक्ति को स्थान दे, निडर होकर सोच सके और अपने विचारों को समाज के साथ साझा कर सके। इस प्रक्रिया में मुझे यह समझ आया कि हर रचना के पीछे एक संवेदनशील मन और एक गहरी सोच होती है, जिसे पढ़कर हम सभी कुछ न कुछ सीख सकते हैं।

इस यात्रा में मार्गदर्शन देने वाले हमारे शिक्षकगण, लेख प्रस्तुत करने वाले सहपाठी, और सम्पादकीय टीम का मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। आशा करता हूँ कि यह अंक आपको पसंद आएगा, सोचने पर मजबूर करेगा और अगले संस्करण के लिए आपकी रचनात्मकता को प्रेरित करेगा।

आपके सुझाव और प्रतिक्रियाएं हमें बेहतर बनाने में मदद करेंगी। सदैव रचनात्मकता के साथ,

छात्र संपादक (हिन्दी-विभाग)
हरिओम (स्नातक, तृतीय वर्ष)

माँ

जिन्दगी देने वाली है वो माँ,
हम पर अपना सब कुछ लुटाने वाली है वो माँ ।
आप खुद दु:ख में रोती है वो माँ पर,
हमें हसाने वाली है वो माँ।
बदले में कुछ भी नहीं माँगती है वो माँ,
जिन्दगी देने वाली है वो माँ।

तुम्हे हमेशा खुश रंखूँ ये कोशिश रहेगी,
तुम्हे कभी दु:खी न होने दुँगा ओ माँ।
तुम्हे हमेशा खुश और हँसती हुई देखना,
चाहता हूँ ओ माँ।

माँ की ममता प्यार तब पूरी होती है जब बच्चा उसकी,
ममता प्यार भावना की कदर करता है।
माँ तो बच्चों के लिए जान भी दे सकती है,
माँ चाहे अनपढ़ हो पर हमारी भावनाओं को,
बिना कहे-ही समझ लेती है।
जितना हम अपने बारे में जानते हैं,
उससे कई गुना ज़्यादा माँ हमारे बारे में जानती है।
माँ की ममता वास्तविक होती है,
न कि काल्पनिक।।

साहिल (बी.ए.)

माँ-बाप ही भगवान हैं

काला साया जिन्दगी में उजाला करती है माँ,
उगँली पकड़कर चलना सिखाती है माँ।
कदम-से कदम मिलाकर चलना सिखाती है माँ,

खुद दु:ख में रोती है पर हमें हँसाती है माँ।
माँ के साथ बाप भी सपनों के शिखर पर ले जाता है,
सपनों को साकार करने में बाप भी अहम भूमिका निभाता है।

साहिल (बी.ए.)

ये दुनिया कहीं नहीं

ये दुनिया आज यहाँ नहीं, कल वहाँ नहीं।
ये दुनिया अब बस कहीं नहीं,
ये दुनिया आज न मंदिर न मस्जिद,

बस कहीं और ही ये दुनिया बसी,
इस दुनिया में आज वो भी और कल मैं भी नहीं,
इस दुनिया में आज अपना ही अपना नहीं बस अकेला हो सही,
ये दुनिया आज यहाँ नहीं कल वहाँ भी नहीं।

साहिल (बी.ए.)

ए उम्र तू बतलादे अब है मुझे जाना कहाँ

मैं जीवन के सफर में पंछी सा भटक हूँ रहा,
आया ऐसा सवाल मन में, कि ये लम्हा थम सा गया,
पूछा दिल ने समय से तेरा ठिकाना है कहाँ,
ए उम्र तू बतलादे अब मुझे जाना है कहाँ,
क्यों इस उम्र की दौड़ में है मुझे सबसे प्यारा लम्हा गवाना पड़ा,
ए उम्र लौटादे मुझे मेरा बचपन था जो सुहाना बड़ा,
कहा गए वे शौंक मेरे वो खिलौनों का पिटारा कहाँ,
ए उम्र तू बतलादे अब है मुझे जाना कहाँ।
उम्र ने कहा-
नादान है तू अभी, इसलिए उम्र के खेल को समझ नहीं पाया,
खुशियाँ केवल बचपन में ही थी, है तू ये ख्याल कहाँ से लाया,
उम्र के हर पड़ाव में समय ने तुझे बहुत कुछ है सिखलाया,
पूरा जीवन है खुशियों से भरा तू क्यों समझ ना पाया,
हर नया सवेरा था बहोत से मौके तेरे लिए लाया,
फिर भी तू इन खुशियों के पिटारे को खोज न पाया,
चल चुन ले अपनी राह देख नया सवेरा है आया
इस जीवन के सफर में सबने बहुत कुछ है पाया।।

खुशबू (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)

बेटी

छोटी सी वो गुड़िया, छोटे-से उसके हाथ,

नन्हीं-सी जान वो न करती परेशान,
कहती है, हूँ मैं मेरे बापू की शान।
दु:ख का बादल कब छा जाये, कोई बता नहीं सकता,
छोटी-सी जान के लिए, कब किसकी नियत बदल जाए,
कोई बता नहीं सकता।
छोटी-सी वो परी चलती, अपने सपनों की ओर,
सामाजिकता का पत्थर उसको रोकता चारों ओर,
सपना पूरा होता है उसका, खुश बहुत होती है।
वह संघर्ष कर अपनी, कामयाबी की ओर बढ़ती है,
जो करता न कोई बेटा, बेटी माँ-बाप के लिए वो करती है,
फिर भी न जाने ये दुनिया, बेटी पाने से क्यों डरती हैं।

कामना (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)

कलम

वक़्त की सियाही में,
तुम्हारी रोशनी को भरकर
समय की नोक पर रखके
शब्दों के कागज पर
कदम-कदम चलना।



एक नए वज़ूद को,
मेरी कोख़ में रखकर
माहिर है कितना इस कलम का
मेरी उंगलियों से मिलकर
तुम्हारे साथ-साथ यूँ सुलग-सुलग चलना....

इस कलम से जो लिखा है
वह मेरे ही जीवन का अंग है
इसे बार-बार पढ़ना
और पढ़कर फिर से लिखना
मुझे ज़रा अच्छा लगता है।
ए कलम मेरे साथ यू ही चलना है.....

शीतल गड़तान (बी.ए.-द्वितीय वर्ष)

क्या यही वो हिंदुस्तान है?

मत करो हम पर जुल्म इतने,
क्या हम जीने के लायक नहीं?
हर रोज होता अपमान हमारा,
क्या हम इज्जत के लायक नहीं।।
माँ, बहन और बेटियाँ,
घर से निकलने को कतराती।
कई बहनों की 'जिन्दगी' तो,
चार दीवारी में बीत जाती।।
सभी बहनें एक समान,
किसी में कोई भेदभाव नहीं,
जिस संसार में हो अपमान इनका,
वो मानवता का संसार नहीं।।
फिर किस मुँह से कहूँ
भारत हमारा आज़ाद है
जिस देश में होते नारी पर अत्याचार इतने
क्या यही वो हिंदुस्तान है?

अंकित कुमार (बी.ए-चतुर्थ सेमेस्टर)

सपने

छोटी ही सही, पर मुझे मेरी, उड़ान भरने दो।
लड़ाई खुद की है, यह मेरे से, मुझे खुद लड़ने दो।।
ना रोको मुझे, ना कहो मुझे,
कि तू नहीं कर सकती, क्योंकि तू एक नारी है,
मेरे सपने मारकर, मुझे शादी के बंधन,
में बाँधना, क्या समझदारी है।
क्या मान लू पति मेरा देवता, उसकी सेवा मेरा धर्म है,
घूंघट के पीछे रहकर, सब सहना मेरा कर्म है,
हो गई गलती छोटी-सी, मार तो खानी है
बैठकर मुझे किसी ने कोई, बात नहीं समझानी है।
फिर सब सहकर यह सूना, कि यह तो भाग्य की मारी है।
मेरे सपने मारकर, मुझे शादी के बंधन,
में बाँधना, क्या समझदारी है।।
ज्यादा नहीं माँगा बस, मेरे हिस्से का मुझे आसमान चाहिए।
लायक हुँ मैं हर काम के लिए,
तो मुझे बराबर का सम्मान चाहिए।
किया मुझे आजाद मेरे, सपनों के लिए,
तो कहोगे कर गई, सपने पूरे बिटिया हमारी है।
मेरे सपने मारकर, मुझे शादी के बंधन,
में बाँधना, क्या समझदारी है।।

नीरू (बी.ए.-तृतीय वर्ष)

संकल्प

दृढ़ है संकल्प तो विकल्प नहीं ढूढ़ना,
निश्चय जब कर लिया संकल्प नहीं तोड़ना।
खुद पर विश्वास और मन में उमंग हो,
कौशल के साथ अगर साहस का संग हो,
तो किसी भी काम को, अधर में नहीं छोड़ना,
निश्चय जब कर लिया ..... ।

रात्रि एक सुबह के साथ आएगी,
अंधकार चीरकर प्रकाश साथ लायेगी,
ठान लिया एक बार मुहँ नहीं तूँ मोड़ना,
निश्चय जब कर लिया ..... ।

विचार को विचार कर, दृढ़ को दुलार कर,
एकबार थामकर हाथ नहीं छोड़ना,
निश्चय जब कर लिया ..... ।
जीत के लिए संकल्प शुद्ध चाहिए,
आलस प्रमाद के विरूद्ध युद्ध चाहिए,
हारकर किसी से तूँ हाथ नहीं जोड़ना
निश्चय जब कर लिया ..... ।

लीना कांसल (बी.ए.– द्वितीय वर्ष)

वृक्ष की दास्ताँ

आज फिर कोई कुल्हाड़ी चलाने आया है,
अंश हमारा मिटाने आया है।
होता नहीं गुजारा उसका, दी हुई हमारी साँसो से,
हमें काट धन कमाने आया,
आज फिर कोई कुल्हाड़ी चलाने आया है

आया है चलकर तपती धूप में,
प्यास से गला उसका सूखा,
पसीने में धन उसका भीगा,
बैठ मेरे आँचल की छाँव में,
उसने वहीं आराम फरमाया है,
आज फिर कोई कुल्हाड़ी चलाने आया है।
कुछ कर ख्याल इन पक्षियों का,
इन्होंने आँचल में मेरे,
घोंसला अपना बनाया है।
फिर क्यों तू इनको,
'घर' से 'बेघर' करने आया है।
आज फिर कोई कुल्हाड़ी चलाने आया है।
पिलाया नहीं दो बूँद पानी, फिर किस हक से,
हमें अपने संग ले जाने आया है।
आज फिर कोई कुल्हाड़ी चलाने आया है,
अंश हमारा मिटाने आया है,
अंश हमारा मिटाने आया है।।

अंकित कुमार (बी.ए– चतुर्थ सेमेस्टर)

वृक्ष और मैं

वृक्ष और मेरी है एक नई कहानी,
बातें हमारी जैसे हवा सुहानी।
धूप–छाँव जैसी यादें सही,
फिर भी मिलती है बातें कही।।
जैसे पेड़ खड़ा है अपनी जड़ो पर,
मैं भी तो अपने मुल्यों पर अड़ी हूँ।
जैसे पेड़ को मज़बूती देता तना,
मैं भी तो अपने चरित्र से बड़ी हूँ।।
जैसे पेड़ देता है छाया,
मैं भी तो सबको गले लगाती हूँ।
जैसे वृक्ष देता है फल,
मैं भी कुछ अच्छे कर्म कर जाती हूँ।।
पतझड़ में झड़ती हैं जैसे पत्तियाँ,
मैं भी तो मुश्किल में मुरझा जाती हूँ।
बसंत में खिलती है जैसे पत्तियाँ,
मैं भी तो कुछ नया सीख जाती हूँ।।
प्रकृति से बंधी हमारी, एक ही तकदीर,
संघर्ष हमारा, जैसे कठोर लकीर।।

नीरू (बी.ए.– तृतीय वर्ष)

पर क्यों

जंजीर ये समाज की पहनी मैंने, तानों की चोट सही मैंने,
ना अपने मन की कहनी मैंने पर क्यों?
तुम कहते हो तुम सत्ताधारी, मुझे समझते अबला नारी,
फिर तुम बनते अत्याचारी, करके गलत मेरे साथ,
और फिर बना दी मैं बेचारी, पर क्यों?
घर संभालो, बच्चे पालो, पैसे कमाना तुम्हारा काम नहीं।
बेटी हो, पराया धन हो, तुझसे ऊँचा होगा मेरा नाम नहीं।
चुप रहो, सहन करो, तुम्हारी जीत की कोई शाम नहीं,
पर क्यों?
मेरे शौक मेरी इच्छा, मेरी जिन्दगी, मेरी राह,
मेरे सपने, मेरा काम, मेरा रूख, मेरी चाह,
मैं आगे आँऊ तो गुनाह, खामोश रहूँ तभी मिलती पनाह,
पर क्यों?
बहुत हुई तुम्हारी मनमानी, अब मुझे अपनी बात समझानी,
आगे कदम बढ़ाऊगी, खुद को भी अपनाऊँगी,
अब हाँ, अब हाँ ।।

नीरू (बी.ए.– तृतीय वर्ष)

ईमानदारी अभी जिंदा है

एक बार एक सेठ शहर में किसी बड़े जमींदार से मिलने आया। सेठ का मकसद जमींदार से जमीन का एक बड़ा सौदा करना था। ट्रेन से उतर वो एक टैक्सी कर जमींदार के घर को रवाना हो गए। वहाँ पहुँचकर जब उन्होंने जमींदार को पैसे देने के लिए ब्रीफकेस ढूंढा तो ब्रीफकेस वहाँ था ही नहीं। सेठ के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगी। तभी टैक्सी चालक वह ब्रीफकेस लेकर सेठ के पास पहुँचा जो वो उसकी टैक्सी में भूल आए थे। सेठ ने टैक्सी चालक से पूछा इसमें कई लाख रुपये थे, कहीं तुम्हारा मन तो नहीं डोला? टैक्सी चालक बोला नहीं, बेईमानी का मौका सबको मिलता है, मैंने इसे नहीं लिया। यदि आज मैं इसे रख लेता तो मेरे कारण सभी टैक्सी चालक बदनाम हो जाते। सेठ को उसकी यह बात छू गई। अंत में सेठ ने उसे इनाम के रूप में कुछ पैसे दिए वा उसकी प्रंशसा की।

कहानी की नैतिक शिक्षा यह है कि हमें ईमानदार रहकर काम करना चाहिए, आगे कहीं ने कहीं हमें इसका फल अवश्य मिलता है।

अंकित कुमार (बी.ए. – द्वितीय वर्ष)

सफल लोगों की चार बातें

जीवन में अच्छे अवसर तो सबके सामने आते हैं, लेकिन उनमें से कुछेक ही सफल हो पाते हैं। क्या आप जानना नहीं चाहेंगे कि ऐसा क्यों होता हैं? वो कौन-सी बातें हैं, जो वास्तव में उन्हें दूसरों से अलग करती है। आइए नजर डालते हैं सफल लोगों की कुछ अच्छी आदतों पर-

- **जल्दी जागना –**

सफल लोग, सुबह जल्दी जागने का अभ्यास करते हैं, ताकि वे अपनी सुबह के घंटों का और अधिक उत्पादकता से इस्तेमाल कर सकें। जल्दी जागने से आपको अपने दिन की शुरुआत करने और महत्वपूर्ण कार्यो को पूरा करने के लिए अधिक समय मिलता है। असल में जब आप जल्दी उठते हैं, तो आपको उन चीजों को करने के लिए अधिक समय मिलता है, जो आप शायद करना चाहते हैं, लेकिन समय की कमी के कारण असमर्थ हैं। जल्दी उठने से आपको अपने दिन को व्यवस्थित करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट, योजना बनाने में मदद मिलती है। जल्दी उठने से आपको अपने विचारों को स्पष्ट करने और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। जल्दी उठने से आपको व्यायाम करने और स्वस्थ आदतें विकसित करने के लिए अधिक समय मिलता है। आप अपने शरीर व दिमाग के लिए स्वस्थ गतिविधियों से जुड़ सकते हैं। जल्दी उठने से तनाव को कम करने में मदद मिलती हैं। जल्दी उठने से एकाग्रता बढ़ती है।

- **कल्पना शक्ति का उपयोग –**

सफल लोगों को पता है कि वे अपनी कल्पना का उपयोग भविष्य बनाने के लिए कैसे कर सकते हैं बजाय इसके कि वे उन चीजों के बारे में सोचें और कल्पना करें, जो वे नहीं चाहते हैं। कल्पना शक्ति लोगों को नए विचारों और समाधानों को विकसित करने में मदद करती है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। कल्पना करना, तेजी से किसी व्यक्ति की उपलब्धि और सफलता को बढ़ा सकता है यदि वह सुबह में कुछ मिनटों के लिए या बिस्तर पर जाने से पहले अपने सपने या इच्छा की कल्पना करने के लिए तैयार है। ऐसा करने का एक शक्तिशाली तरीका यह है कि मन को किसी उच्चतम लक्ष्य और इरादों की उपलब्धि की मजबूत तस्वीरों को रोजाना दिखाया जाए। ऐसा करके

अगर आप मन को प्रशिक्षित करें तो यह आपको वह सफलता दिलाएगा जो आप चाहते हैं। कल्पना शक्ति लोगों को जटिल समस्याओं का समाधान करने और नए अवसरों को पहचानने में मदद करती है। कल्पना शक्ति लोगों को अपने लक्ष्यों को को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करती है।

- **मानसिक समृद्धि के प्रयास –**

टी.वी. देखने, सोशल मीडिया पर लगातार स्क्रोल करते हुए समय बर्बाद करने या काम टालते रहने के बजाय सफल लोग अपना समय ज्ञान और जुनून बढ़ाने वाली चीजों के बारे में पढ़ने और समझने में अधिक व्यतीत करते हैं। वे उन पुस्तकों और पत्रिकाओं को पढ़ना चुनते हैं, जो उनके जीवन को समृद्ध करते हैं, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, उन्हें बड़ा सोचने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने सपनों को वास्तविकता बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मानसिक समृद्धि के प्रयास लोगों को सकारात्मक संबंध बनाने और समृद्धि के बनाने और बनाए रखने में मदद करते हैं। चाहे आप पत्र-पत्रिकाएं, ब्लॉग या किताबें पढें। ये सारी चीजें हमारे, जीवन में आदर्श मूल्य ही जोड़ने का काम करते हैं।

- **ध्यान में बैठना –**

सफल लोग मौन में बैठने के लिए समय निकालते है। शांत हो जाना, मौन में अकेले समय बिताना खुद से जुड़ना हमारे शरीर, मन और समग्र दृष्टिकोण पर बहुत सकारात्मक प्रभाव डालता है। ध्यान से तनाव को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान में अपने विचारों के साथ अकेले होने से आप मन की स्पष्टता, एकाग्रता, आत्मविश्वास व शांति ला सकते हैं, जो हमें हमारे काम को अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से करने में मदद करते हैं। एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार होता है, जिससे लोग अपने काम में अधिक उत्पादक हो सकते हैं।

ईशिका गड़तान (बी.ए. – द्वितीय वर्ष)

जीवन का आदर्श

लोग प्राय: अपनी जिज्ञासा लेकर संत कबीर के पास आया करते थे। एक बार एक व्यक्ति ने कबीर से पूछा 'कि मैं गृहस्थ बंनू या संन्यासी'? कबीर ने कहा-'जो भी बनो आदर्श बनो, उसे पूरी तरह प्राप्त करने का प्रयास करो। कबीर ने अपनी पत्नी को बुलाया। दोपहर का समय था, पर फिर भी उन्होंने एक दीपक जलाकर लाने को कहा। पत्नी दीपक को वहाँ रखकर चली गई। कबीर ने उस व्यक्ति से कहा, 'अगर गृहस्थ बनना है तो एक दूसरे पर विश्वास रखना होगा'। फिर कबीर उसे एक टीले पर ले गए जहाँ एक वृद्ध महात्मा रहते थे। कबीर ने महात्मा से पूछा, महात्मा जी आपकी आयु कितनी है? महात्मा बोले-अस्सी वर्ष। फिर कबीर ने पूछा 'महात्मा जी आप अपनी आयु क्यों नहीं बता रहे? महात्मा ने कहा कि मैंने अभी तो बताई-अस्सी वर्ष। कबीर उस जिज्ञासु व्यक्ति के साथ टीले से नीचे उतर आए। उन्होंने महात्मा को पुकारा और उन्हें नीचे आने को कहा। महात्मा जी हांफते-हांफते नीचे आ गए। उन्होंने नीचे बुलाने का कारण पूछा तो कबीर बोले 'आपकी आयु कितनी है'? महात्मा के चेहरे पर कोई भाव नहीं आया। उन्होंने बड़े सहज भाव से कहा-अस्सी वर्ष। कबीर ने उस जिज्ञासु से कहा संन्यासी बनना हो तो ऐसा ही बनना। तुम्हें कभी क्रोध न आए।

चिराग मेहरा (बी.ए. – द्वितीय वर्ष)

ENGLISH SECTION

Staff Editor
Dr. Mona Batra, Dr. Nutan Garg

Student Editor
Rupanshi (M.A.-Final)

Content

Sr. N.	Title	Author	Pg. No.
1.	Editorial	Dr. Mona Batra Associate Professor of English	3
2.	Editorial	Dr. Nutan Garg	4
3.	Role of Communication in Carrier Advancement	Rupanshi (M.A-Final) (Student Editor)	5
4.	Educating a Girl : Educating the whole Family	Pooja (M.A -English P)	6
5.	Politics And Role Of Youth In Politics	Samiksha (M.A- English P)	7
6.	Technology: A Boon or a Bane	Aishav (B.A-1)	8
7.	Students and Politics	Aarti (M.A-Previous)	8
8.	A Disciplined Mind Brings Happiness	Varsha Panchal (M.A-English)	9
9.	Value of Time & Time Management	Nootan Anand (M.A-English	10
10.	Importance of Literacy in Life	Ritika Kajal (M.A-Previous)	11
11.	Education Brings Peace	Rakhi Bhardhwaj (M.A.-Previous)	11
12.	Value of Books in the Modern Times under the Impact of Social Media	Anjly (M.A.-English)	12

Editorial

I It gives me immense pleasure to present the English section of this year's college magazine–an anthology of voices, thoughts, and dreams penned by students who dared to express themselves. In an age where distractions are many and attention spans short, the ability to pause and reflect through words is a quiet rebellion–and one worth celebrating.

Language is more than communication; it is power, connection, and identity. The pieces you'll find in these pages–stories, poems, essays, and reflections–are not just creative expressions but mirrors of our collective experiences. They speak of youth and resilience, of questions and discovery. Each line holds the energy of classrooms, corridors, and the quiet corners where thoughts take shape.

This section stands as a testament to the vibrant imagination and intellect that thrives within our campus. To all the contributors–thank you for lending your voices. To our readers–may you find moments of joy, insight, and inspiration as you turn these pages.

Let us continue to read, write, and above all, think.

Happy reading!

Dr. Mona Batra

Associate Professor of English

Editorial

All human beings in this world crave for happiness in life. There are several theories of happiness prevailing around us elaborating this concept. Whereas, some people assume that working hard for any stipulated goal and achieving finally gives you a lot of happiness, others are of the opinion that a decent job with a decent salary where you have a good boss and supportive colleagues would obviously give you happiness. On the other hand, as we grow older, we presume that having a good soulmate and obedient children are enough to spread happiness in our lives.

However, it is observed that with the passage of time and age, we realize that none of the above factors is a real source of happiness. Despite having luxurious life style and a cooperative family, we can be seen lost in a pool of sadness, as we don't enjoy these things any longer. So, eventually it makes us ponder what the true happiness actually means.

In different scriptures available worldwide, it has been discussed that even a person who has no physical or momentary gains in life and has never enjoyed luxury can stay happy if his state of mind is in control and he has limited desires or expectations in life. So, it is a self-made attitude or one's state of mind that plays an important role in making a person contented or happy.

Secondly, helping others in need without any expectations in return releases Dopamine hormone in our body which makes us feel happy from inside. Unfortunately, the people in this world are self-centred and remain busy in fulfilling their own needs only. If we pledge to serve others and contribute something for any noble cause in society by volunteering our services, nobody can stop us from being happy. We have a recent example of ISRO chief Sh. S. Somnath, who is known for donating his award money in helping others. Buddha has also stated that expectations are the cause of sufferings. Let's have fewer and fewer expectations from others whether they are our friends or family, and keep doing our duties selflessly.

Therefore, while getting education in this temple of knowledge, one might face many ups and downs resulting in acute sad moments, but one needs to inculcate the idea that happiness is in one's own control of mind i.e. it is a state of mind created by you. Life is a long journey and numerous challenges would come in front of an individual while going through it. However, success and failures are not the true measurements of one's achievements. Charles R. Swindoll hasrighly said, "Life is 10% what happens to you and 90% how you react to it." So, Let's take it easy and stay happy as far as we can by leaving behind our expectations and by extending help to others with love and concern. Because "all the tools you need to be happy are already within you".

Dr. Nutan Garg

ROLE OF COMMUNICATION IN CAREER ADVANCEMENT

"Communication is the solvent of all problems and is the foundation for personal development."

Good communication skills are highly valued in the job market and can open doors to new opportunities. Active communication is crucial for inspiring and motivating others, resolving conflicts, and fostering a positive team environment. The importance of good communication skills can be defined as follows:

- **Build Strong Relationships:** Effective communication helps in building strong, productive relationships with colleagues, clients, and stakeholders.
- **Foster a Positive Work Environment:** Good communication contributes to a collaborative environment, boosting team morale and productivity.
- **Overcome Impostor Syndrome:** By communicating confidently and effectively, one can overcome self-doubt and build belief in their abilities.

- **Improve Networking Skills:** Good communication aids in building and maintaining a strong professional network.
- **Boost Career Development:** Effective communication enhances performance, visibility, and reputation, increasing chances for advancement and promotion.
- **Practice Active Listening:** Active listening involves fully focusing on the speaker, understanding their message, responding appropriately, and retaining what was said.
- **Use Clear, Concise Language:** This helps prevent misunderstandings and ensures your message is understood.
- **Public Speaking:** A common fear, but with training and practice, anyone can become a confident public speaker.
- **Prepare for Communication:** Preparation helps build confidence and ensures effective participation in meetings and presentations.

Therefore, good communication and influencing skills are crucial for persuading others, driving change, and achieving business success. As Paul J. Meyer rightly said:

"Communication – the human connection – is the key to personal and career success."

Rupanshi (M.A.-Final)

(Student Editor)

EDUCATING A GIRL: EDUCATING THE WHOLE FAMILY

"If we educate a man, we educate a man only; but if we educate a woman, we educate the whole family." Education plays a major role in the social and economic growth of a nation. A country can truly be considered educated only when its entire population receives education. While many still believe that men contribute more to society, women are now sharing equal responsibilities in every field.

Thus, female education is vital for a country's all-round development. For democracy to thrive, women must be educated–they are the real builders of happy homes. Women are the first teachers of their children, imparting foundational values and lessons. If mothers are educated, they are better equipped to nurture, guide, and inspire their children.

Napoleon once said, "Nation's progress is impossible without trained and educated mothers. If the women of my country are not educated, about half of the people will remain ignorant." Education empowers women intellectually, socially, and emotionally, enabling them to meet daily challenges, reduce societal inequalities, and improve health outcomes such as lower child and maternal mortality.

Despite these benefits, female education is still neglected in many parts of India due to deep-rooted societal issues like dowry, child marriage, caste barriers, and patriarchal norms. In rural areas, girls are often viewed as 'paraya dhan'—belonging to another family after marriage—and investing in their education is seen as wasteful.

Other barriers include caste discrimination, where lower caste girls are excluded from schools. The literacy gap between men and women is significant, though states like Kerala and Mizoram lead with female literacy rates of 95.2% and 89.4% respectively, thanks to progressive government policies.

The Indian government has launched several initiatives to promote female education:

- Sakshar Bharat Mission (2008): Promotes adult literacy among women.
- Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya: Residential schools for underprivileged girls.
- Ladli Scheme: Improves the status of the girl child within the family.
- Beti Bachao, Beti Padhao (2015): Aims to educate and empower the girl child.
- Sukanya Samriddhi Yojana (2015): A savings scheme to fund girls' higher education and marriage.

Educated girls can shoulder any responsibility. Icons like Kalpana Chawla, Kiran Bedi, and Sushma Swaraj exemplify the heights women can achieve when empowered through education. An educated girl ensures a brighter, more virtuous, and progressive future generation.

As Swami Vivekananda rightly said, "Educate your women first and leave them to themselves; they will tell you what reforms are needed."

Pooja (M.A. English Previous)

POLITICS AND ROLE OF YOUTH IN POLITICS

When we hear the term politics, we usually think of the government, politicians and political parties. For a country to have an organized government and work as per specific guidelines, we require a certain organization. This is where politics comes in, as it essentially forms the government. Every country, group, and organization uses politics to implement various ways to organise their events, prospects, and more.

Our youth and politics are two concepts that have a long-standing relationship. Students have always been an integral part of political movements and have contributed significantly to social change. They have played a crucial role in shaping political discourse. However, the involvement of students in politics is a topic of debate, and there are many opinions on it.

On the one hand, there are those who argue that students should not be involved in politics as it may disrupt their academic pursuits. They believe that politics is a complex field that requires expertise. Students should focus on their studies rather than engage in political activities. They also argue that students' involvement in politics may lead to radicalisation.

On the other hand, there are those who believe that students' involvement in politics is essential for the betterment of society. They argue that students bring fresh perspectives and ideas to the table and have the energy and passion to advocate for change. By participating in political activities, students learn about democracy and become aware of their rights and responsibilities as citizens. They also become more politically aware and are better equipped to make informed decisions.

If we look at the scenario of Indian elections, any random person with enough power and money can contest elections. They just need to be a citizen of the country and should be at least 25 years old. There are a few other basic eligibility criteria which are relatively easy to meet.

The most concerning aspect is that contesting elections does not require any minimum educational qualification. As a result, many uneducated and undeserving candidates gain power and often misuse it. A country with uneducated ministers cannot truly progress.

We need educated ministers in the government who can effectively manage national affairs. They must be well-qualified to handle the enormous responsibility of running an entire nation.

In short, we must save our country from corrupt and uneducated politicians who act like parasites, draining the nation's development and resources. All of us must unite to break this vicious cycle and work towards a prosperous future for our country.

Samiksha (M.A. English P)

TECHNOLOGY: A BOON OR A BANE

T Technology is a fascinating and powerful concept that has completely transformed our lives. It is remarkable how many challenging tasks have become easier thanks to technological advancements. One of its greatest benefits is the amount of time it saves—time that can be utilised productively elsewhere. With just one click, we can access real-time information about global events, all due to technology.

However, the rise of technology has also brought several drawbacks. For instance, the introduction of automation and artificial intelligence in various industries has led to job displacement. Many workers have become redundant due to technology's speed, efficiency, and cost-effectiveness.



Technology offers new opportunities, particularly for individuals who may not have had access to traditional forms of education. Still, it has a darker side. Excessive use of technology has been linked to mental health issues such as anxiety, depression, and sleep disorders. Overexposure to screens also affects physical health and can alter children's behaviour.

Although we cannot and should not ban technology altogether, we must set boundaries—especially for children. Balanced usage can help us benefit from technology while avoiding its negative consequences. Even prominent voices like Facebook CEO Mark Zuckerberg have expressed concerns about the potential dangers of AI for future generations.

Therefore, we must use technology judiciously. Let us embrace its positive aspects while guarding ourselves against its misuse.

Aishav (B.A-1)

STUDENTS AND POLITICS

Students of today are the future guardians of our nation. They are the moulders and builders of tomorrow's India. Political awareness is, therefore, an indispensable factor in shaping their development, as students are one of the key pillars of democracy.

Critics argue that politics is a 'dirty game' and that student involvement would jeopardise their academic future. According to them, politics interferes with studies and distracts students from learning.

However, supporters assert that education is more than mere literacy. It involves holistic personality development. Awareness of current events at national and international levels fosters leadership qualities in students. Participation in politics trains students to become responsible citizens. It instils democratic values, cultivates patriotism, and provides real-world experience in leadership. It helps shape more cultured, informed, and active members of society.

Needless to say, students should maintain a balanced approach between politics and academics to achieve the best in both realms.

Aarti (M.A.-Previous)

CULTURAL ACTIVITIES

Presentation of folk song in Kala Sangam 2024

Chief Guest Shri Dharampal Gonder, MLA Nilokheri addressing students

Chief Guest Dr. Anuradha Punia (Retd. Principal) distributing prizes to the winners of Kala Sangam Cultural Program on 11-02-2025

Chief Guest Dr. Praveen Bhardwaj (Retd. Principal) distributing prizes to the students during Talent Search Competition on 14-02-2024

Instrument playing Competition during Talent Search Program on 13-09-2024

MLA Sh. Dharampal Gonder distributing prizes during Kala Sangam on 17-02-2024.

Students performing during Kala Sangam Cultural Program on 17-02-2024

Students performing during Kala Sangam Cultural Program on 17-02-2024

Students performing during Kala Sangam Cultural Program on 11-02-2025

Mayor Smt. Renu Bala Gupta & MC Smt. Megha Bhandari as Chief Guests during Talent Search Competition on 09-09-2023

ANNUAL ATHLETIC MEET

2023-2024

Dr. Rekha Sharma (H.E.S.-1) Chief Guest in Opening Ceremony.
Dr. Rekha Tyagi (H.E.S -1) Chief Guest in Closing Ceremony

2024-2025

Dr. (Major) Anita Joon Chief Guest in Opening Ceremony.
Dr. Satish Bhardwaj Deputy Director (Sports) Higher Education Haryana Panchkula
Chief Guest in Closing Ceremony.

OTHER (MAJOR ACTIVITIES OF THE COLLEGE)

NATIONAL SERVICE SCHEME ACTIVITIES

International Nurses Day on 08/05/2025

World Earth Day on 22/04/2025

Anti Terrorism Day on 21/05/2025

Visit to Nasha Mukti Kendra Shahabad on 24/06/2025 Anti Drug Abuse Day

Plantation on World Environment Day on 06/06/2025

Yoga Day on 21/06/2025

Visit to MDD Bal Bhawan on World Day Against Child Labour on 15/06/2025

Showing documentary on Mother Taresa on International Nurses Day

A DISCIPLINED MIND BRINGS HAPPINESS

"Discipline is choosing between what you want now, and what you want most." – *Abraham Lincoln*

According to the Dalai Lama, "A disciplined mind leads to happiness, while an undisciplined mind leads to suffering." Self-discipline helps individuals achieve their goals, make better decisions, and build habits that lead to long-term success. It provides a sense of control over one's life, resulting in greater contentment and satisfaction.

"Discipline not only determines success but also how long you can remain successful."



Self-discipline and happiness often seem contradictory. Discipline suggests work and effort, whereas happiness is typically associated with pleasure and ease. However, many misunderstand the essence of happiness. True happiness is not the absence of work, but the absence of: guilt, shame, regret, anger, resentment, frustration, sadness, self-doubt, fear, stress, anxiety, loneliness, and other negative emotions.

Momentary gratification from idleness may offer fleeting pleasure, but the absence of discipline ultimately leads to persistent dissatisfaction.

Why is discipline important?

Discipline allows us to act according to principles rather than impulses. It teaches us to say no to desires that do not serve our long-term goals, thereby allowing truth, virtue, and integrity to guide our decisions. Far from being a restriction, discipline is a path to freedom and fulfilment. Here's how a disciplined mind contributes to happiness:

- Goal Setting: Helps in setting and pursuing meaningful goals.
- Overcoming Challenges: Builds resilience and focus.
- Avoiding Chaos: Prevents emotional turbulence by creating order.
- Building Habits: Establishes habits necessary for success.
- Reducing Unhealthy Desires: Promotes virtuous living.

Tullio Siragusa also notes that disciplined individuals are more likely to achieve their goals, which boosts confidence and contentment. He further adds that discipline helps avoid unnecessary stress and enhances overall happiness.

"True freedom is impossible without a mind made free by discipline." – *Mortimer J. Adler*

Varsha Panchal (M.A.-English)

VALUE OF TIME & TIME MANAGEMENT

Time management refers to the efficient use of one's time to maximise productivity. Although it may appear simple, it requires consistent effort and planning. A person who manages their time well is capable of achieving almost everything in life. The first step towards success is mastering time management.

- **Time Management in Various Fields:** Time management is essential across all areas of life—whether one is a student, homemaker, or businessperson.
- **Importance for College Students:** College students juggle academic responsibilities, sports, self-study, and extracurricular activities. Without effective time management, they cannot perform efficiently in any area.
- **Importance for Business Professionals:** Entrepreneurs, being their own bosses, bear the full responsibility of managing their ventures. Time must be streamlined and tasks well-scheduled to ensure efficiency and growth.
- **Importance for Homemakers:** Homemakers face countless daily tasks. Without proper time management, they may feel overwhelmed and exhausted. Creating a task inventory at the start of the month and categorising tasks can bring order and satisfaction to their routines.
- **Importance for Working Professionals:** In a competitive work environment, professionals are expected to deliver results efficiently. Proper scheduling helps them maximise productivity and maintain a positive image.
- **General Tips for Effective Time Management:**
  1. Prioritise essential tasks.
  2. Complete important assignments first.
  3. Maintain full focus on current work.
  4. Learn to say no to distractions.
  5. Minimise phone use during work.
  6. Ensure 7–8 hours of sleep.
  7. Eat healthily and exercise regularly.

Conclusion: Though challenging, efficient time management is essential to harnessing one's full potential and achieving the best outcomes from hard work.

Nootan Anand (M.A.-English)

IMPORTANCE OF LITERACY IN LIFE

"Wear the old coat and buy the new book." – Austin Phelps

"Literacy is a bridge from misery to hope." – Kofi Annan

The word 'literacy' means creating thoughts. Its importance lies in the way it opens up the world to both readers and writers. Through literacy, we can shape our thinking, reflect on various subjects, and express our original ideas. The vivid expressions used in writing enable readers to visualise ideas through their imagination.

Malcolm X, in his piece 'Literacy Behind Bars', recounts how the world opened up to him through reading and how his life transformed after learning to read and write in prison.

Being 'literate' does not only mean understanding how to read and write. It also means taking full advantage of the knowledge available to us. The ability to understand, interpret, and act upon what we read and hear is a powerful outcome of literacy. It is essential for our personal growth and the challenges we face in life. Everything depends on the skills and knowledge we acquire.

Key reasons why literacy is important:

- **Communication :** Helps individuals communicate effectively from an early age.
- **Education :** Essential for academic success, which involves reading, writing, speaking, and listening.
- **Job Opportunities :** Increases the likelihood of employment and career advancement.
- **Awareness of Rights :** Empowers individuals to learn about and advocate for their rights.
- **Reducing Inequality :** Helps reduce inequality based on gender, caste, or religion.

Literacy is empowering and liberating. Beyond being a fundamental right, it expands capabilities, reduces poverty, improves health outcomes, and fosters sustainable development.

"Live as if you were to die tomorrow. Learn as if you were to live forever." – *Mahatma Gandhi*

Ritika Kajal (M.A.-Previous)

EDUCATION BRINGS PEACE

"Education is the most powerful weapon which you can use to change the world."

Lasting peace cannot be achieved without education. Education nurtures psychosocial and cognitive development and changes behaviour for the better. It is the process of acquiring values, knowledge, attitudes, and skills to live in harmony with oneself, others, and the environment.

Numerous UN declarations and resolutions affirm the role of education in promoting peace. Education empowers learners with the skills and values needed to become agents of peace. Social and emotional learning is one of the most effective methods for peace education.

As the 'New York Times' notes, classrooms that prioritise social and emotional development create a culture of peace. We all remember teachers who went beyond academics to teach moral values. Initially, such classes may have seemed tedious, but eventually they became meaningful and influential.

"No Development Without Peace:"

Without peace, educational and healthcare systems collapse, infrastructure breaks down, and development halts. Peace frees up both financial and human resources, redirecting them from controlling violence to building progress. Therefore, education must instil a sense of peace and harmony among learners.

Rakhi Bhardhwaj (M.A.-Previous)

VALUE OF BOOKS IN THE MODERN TIMES UNDER THE IMPACT OF SOCIAL MEDIA

"Books give a soul to the universe, wings to the mind, flight to the imagination, and life to everything." Books play a vital role in everyone's life. They open the world of imagination, build confidence, help us grow emotionally and mentally, and provide a broader perspective on the world. They teach us life lessons—about love, fear, hardship, and everything in between. Books preserve history, culture, and wisdom accumulated over generations.

Ernest Hemingway once said, "There is no friend as loyal as a book." For many, books defined childhood. Stories like *Famous Five*, *Amar Chitra Katha*, *Nancy Drew*, and *Harry Potter* offered magical worlds where readers could disappear for hours.

However, that world is fading. Digital distractions—especially social media—have made it difficult for people to concentrate on reading books. A study showed most students couldn't go 15 minutes on an assignment without checking their phones.

Though we read constantly—news alerts, emails, tweets, messages—it isn't deep reading. Book reading requires immersion and contemplation.

Walt Disney once said, "There is more treasure in books than in all the pirate's loot on Treasure Island." Francis Bacon in *Of Studies* highlighted how books enhance our judgement and provide substance for thought and conversation.

Bhagat Singh, a revolutionary and voracious reader, credited books as his greatest influence. He saw them not only as educational tools, but as weapons of ideological resistance.

